**आनंदालय**
**सामयिक परीक्षा - 3**
**कक्षा : छठी**

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30

दिनांक : 04-01-2024 | समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ', और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में दो वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

**खंड- 'अ'**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

क्या यह बात सच नहीं है कि इस दुनिया में हर कोई अपने जीवन में सफल होने का प्रयास करता है। जीवन में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति मिले जो असफलता की इच्छा रखता हो। आपने एकलव्य का नाम अवश्य सुना होगा जो कि एक शूद्र जाति से था। महान महाकाव्य महाभारत में एकलव्य की कहानी कड़ी मेहनत का एक बड़ा उदहारण है। उसने अपनी कड़ी मेहनत के कारण, बिना किसी गुरु के संरक्षण के अपनी सफलता को प्राप्त किया। जब गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य को धनुर्विद्या सिखाने से मना कर दिया था, तब एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य के इंकार करने के बावजूद भी अपनी कड़ी मेहनत और दृढ निश्चय के साथ खुद को एक सफल धनुर्धर साबित किया। यदि हम मेहनत और लगन के साथ काम करें तो इस संसार में कोई भी काम असंभव नहीं है। जो भी काम मेहनत और लगन से किया जाता है उसमें सफलता अवश्य मिलती है। आज इस संसार में जितना भी विकास हुआ है वह मेहनत से काम करने का परिणाम है।

(i) जीवन में हर कोई क्या प्रयास करता है ?

(क) दुनिया जीतने का | (ख) धन हासिल करने का
(ग) सफल होने का | (घ) असंभव कार्य करने का

(ii) एकलव्य की कहानी का उदाहरण कहाँ मिलता है ?

(क) महाभारत में | (ख) काव्य में
(ग) महान उपन्यास में | (घ) एकलव्य के काव्य में

(iii) एकलव्य ने सफलता कैसे प्राप्त की ?

(क) गुरु के मार्गदर्शन में | (ख) कड़ी मेहनत और दृढ निश्चय से
(ग) गुरु के आश्रम जाकर | (घ) अपनी इच्छा मात्र से

(iv) संसार का हर कार्य संभव कब होता है ?

(क) हमारे सपनों से (ख) दूसरों के सहयोग से

(ग) हमारी प्रतिभा से (घ) कड़ी मेहनत और लगन के कारण

(v) इस गद्यांश का **सर्वाधिक उपयुक्त** शीर्षक हो सकता है -

(क) धनुर्विद्या की शिक्षा (ख) एकलव्य और उसके गुरु

(ग) जीवन में सफलता का रहस्य (घ) उपर्युक्त सभी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x7=7)

(i) ' कलाकार द्वारा बनाई गई वस्तु ' वाक्यांश के लिए एक शब्द है -

(क) कर्मठ (ख) अगण्य (ग) कलाकृति (घ) कलाबाज़

(ii) विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के लिए चित्र बनाया । - वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए ।

(क) ने (ख) विद्यार्थी (ग) चित्र (घ) बनाया

(iii) 'चीता <u>तेज़</u> दौड़ता है |' वाक्य में 'तेज़' का क्रिया-विशेषण भेद है -

(क) रीतिवाचक (ख) स्थानवाचक (ग) कालवाचक (घ) परिमाणवाचक

(iv) 'विद्यार्थी पुस्तक पढ़ रहे हैं । ' में क्रिया का कर्म है

(क) विद्यार्थी (ख) हैं

(ग) पुस्तक (घ) पढ़ रहे हैं

(v) 'मैं आनंदालय **<u>में</u>** पढ़ती हूँ । - रेखांकित विभक्ति किस कारक भेद की है ?

(क) कर्म (ख) अधिकरण (ग) करण (घ) संप्रदान

(vi) ' सभी पर्यटकों ने नाव से नदी पार की । ' वाक्य में करण कारक का उदाहरण है -

(क) सभी (ख) पर्यटकों (ग) नाव (घ) नदी

(vii) 'चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही थीं जल-थल में ' - पद्यांश में प्रयुक्त अलंकार है -

(क) करण कारक (ख) अनुप्रास (ग) अनुकरण (घ) पुनरुक्ति प्रकाश

3. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(i) लोग किसे साधारण-सी चीज़ समझते हैं ?

(क) सुनने की शक्ति को (ख) दृष्टि के आशीर्वाद को

(ग) छूने के आशीर्वाद को (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) प्रकृति के अक्षर क्या हैं ?

(क) मनुष्य की बोलियाँ (ख) पत्थर, पहाड़, नदी, जंगल

(ग) इतिहास की पुस्तकें (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में कवि ने क्या सीख दी है ?

(क) परस्पर हाथ मिला कर अभिवादन की (ख) हाथ जोड़ कर अभिवादन करने की

(ग) संगठन और एकता की (घ) पहाड़ तोड़कर रास्ता बनाने की

(iv) 'मैं सबसे छोटी होऊँ ' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(क) मीराबाई (ख) सुभद्राकुमारी चौहान

(ग) कृष्णा सोबती (घ) सुमित्रानंदन पंत

**<u>खंड - 'ब'</u>**

4. निम्नलिखित चार में से **<u>किन्हीं तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) गोल, चमकीले रोड़े को यदि दरिया और आगे ले जाता तो क्या होता? विस्तार से उत्तर लिखिए।

(ii) 'कुछ खास तो नहीं'–हेलेन की मित्र के इस जवाब को सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ? आज आपने घर से आते हुए बारीकी से क्या-क्या देखा-सुना ?

(iii) क्या माँ हमें बड़ा बनाकर सचमुच छलती है ? अपने विचार लिखिए।

(iv) क्या सागर रास्ता छोड़ सकता है और पर्वत शीश झुका सकता है - कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

5. अपने प्रधानाचार्य को खेल महाकुंभ में भाग लेने हेतु दो दिन का अवकाश माँगते हुए लगभग 80 से 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । (1x5=5)

**अथवा**

अपने विद्यालय में साफ़-सफाई रखने हेतु आपने क्या-क्या कदम उठाए हैं, यह बताते हुए दूसरे विद्यालय में पढ़नेवाले अपने मित्र को 80 से 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए |